पानी से पगारा डैम 103 प्रतिशत फुल, 6 गेट खुले, उफनी आसन

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 जुलाई। इस साल मानसून की शानदार दस्तक से जिले में बारिश का आंकड़ा 513 मिमी पर पहुंच गया है। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार सुबह 4 बजे से लगातार रिमझिम बारिश हुई, जिससे मौसम सुहाना हो

24 घंटे में 30 मिमी से अधिक वर्षा, 513 मिमी पहुंचा औसत वर्षा का आंकड़ा

गया। इधर जौरा क्षेत्र में स्थित पगारा बांध 103 प्रतिशत भर गयाए जिससे सुबह 9.15 बजे बांध के सभी छह ऑटोमेटिक गेट खुल गए। बांध से 28 हजार 500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे आसन नदी में उफान आ गया है। वहीं बांध के डाउन स्ट्रीम

में स्थित 20 से 25 गांवों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है।

यहां बता दें कि 15 जून से शुरू हुई मानसून सीजन को अभी 33 दिन ही बीते हैं लेकिन अभी तक इस सीजन में जिलेभर में 513 मिमी बारिश हो चुकी है, जबकि जिले की औसत बारिश 706.9 मिमी है और अभी जुलाई के 10 दिन और अगस्त का पूरा महीना बांकी है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार बारिश का आंकड़ा औसत से 200 मिमी अधिक यानि 900 मिमी तक पहुंच सकता है।

आसन नदी में उफान से इन गांवों में बाढ़ का अलर्ट : पगारा बांध से आसन नदी में छोड़े गए पानी से डाउन स्ट्रीम में बसे गांवों मई, नरहेला, बिचपुरी, सिघौरा, घसटुआ, जिंदपुरा, घूंघस, पन्नू का पुरा, गदाल का पुरा, झोड़ का पुरा, चिरायतनी, गुढ़ा आसन, देवरी, रपटापुरा, मुंदावली, राजघाट का पुरा, डोंगरपुरा, ककरधा, खेरा, बड़ौना, दुल्हैनी, पहावली, जरैना, सिलायथा, खनेता, घुरैयाबसई, गढ़ीखेड़ा, डाबी का पुरा, भवनपुरा, जनवेद का पुरा, सामले का पुरा, छौंदा गांवों में पानी भरने का खतरा पैदा हो गया है। इन सभी गांवों में अलर्ट जारी किया गया है और कोटवार लगातार निगरानी कर रहे हैं।

कोटा बैराज से चंबल में छोड़ा जा रहा 19 हजार क्यूसेक पानी : राजस्थान में हो रही बारिश से कोटा बैराज भी फुल हो गया है, जिसके चलते यहां से चंबल नदी में 19 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। हालांकि अभी चंबल का जलस्तर 128 मीटर पर स्थित है। अगर कोटा बैराज में ऊपरी क्षेत्र से और पानी आया तो बैराज से पानी की डिस्चार्ज क्षमता बढ़ाई जा सकती है, जिसका असर चंबल किनारे बसे गांवों में पड़ेगा।

बारिश से थरा व उमरियापुरा में मकान धराशायी : बारिश के चलते अंबाह क्षेत्र में कई लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। थरा पंचायत में उप सरपंच पद पर आसीन रामसिंह कुशवाह का मकान तेज बारिश के चलते ढह गया। गनीमत रही कि मकान गिरने की आशंका को भांपते हुए परिवार के सभी सदस्य समय रहते बाहर निकल आए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि घर के सामान और गृहस्थी का भारी नुकसान हुआ है। इसी तरहए उमरिया पुरा में रहने वाले रामअवतार पचौरी का मकान भी तेज बारिश की वजह से गिर गया।

कपिल मुनि सिद्ध आश्रम पर बहने लगा झरना, पहुंचे पर्यटक

सुमावली के पास 8 किमी दूर घने जंगल में कपिल मुनि सिद्ध आश्रम पर स्थित झरना तेज बारिश के चलते बहने लगा। इस सिद्ध स्थान पर 5 फीट लंबा, 5 फीट गहरा कुंड है, जिससे कुरई नदी का उद्गम होता है।

सबलगढ़ में खार नाले के तेज बहाव में बहा युवक, रेस्क्यू जारी

सबलगढ़ क्षेत्र में बड़ा तालाब का पानी खार नाले में आने से नाले में पानी का बहाव तेज हो गया है। पिपरघान रोड पर नाले के ऊपर बने रपटा से पानी बह रहा है। इस रपटा से मुकेश 27 पुत्र केशो जाटव निवासी बत्तोखर नशे की हालत में तेज पानी के बीच से गुजरने लगा लेकिन पानी का बहाव तेज होने से मुकेश पानी में बह गया। युवक के डूबने की सूचना पर एसडीएम अरविंद माहौर सहित पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक युवक के शव की तलाश एसडीआरएफ की कंपनी की कर रही थी।

घर के बाहर सो रहे वृद्ध पर हमला, सिर फोड़ा

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 जुलाई। महुआ थाना क्षेत्र के दीवान सिंह का पुरा गांव में सरकारी जमीन पर नाला बनाने से रोकने पर तीन लोगों ने रात 10 बजे घर के बाहर सो रहे अधेड़ पर

सरकारी जमीन पर नाला बनाने से रोकने पर हुई घटना

हमला कर दिया। जिससे अधेड़ का सिर फट गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार महुआ थाना क्षेत्र के दीवान सिंह का पुरा निवासी श्याम सिंह 50 पुत्र अनूप सिंह तोमर का सरकारी जमीन पर नाला बनाने को लेकर गोविंद तोमरए सौरभ उर्फ मुन्नीसिंह तोमर, गौरव सिंह तोमर पुत्रगण रनसिंह तोमर से 2 दिन पहले विवाद हुआ था। बीती रात श्याम सिंह अपने घर के बाहर चबूतरे पर सो रहा था। रात 10 बजे के करीब आरोपी गोविंद, सौरभ और गौरव लाठी-डंडे लेकर आए और उन्होंने श्याम सिंह के ऊपर हमला बोल दिया। आरोपियों ने तेज धारदार हथियार से श्यामसिंह के सिर पर प्रहार किया, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा। घायल श्यामसिंह अपने बेटों के साथ रात में ही थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है।

गाय को टक्कर मारकर वाहन लेकर भागा ड्राईवर, चक्काजाम

मुरैना/अंबाह, 18 जुलाई। पोरसा चौराहे पर अव्यवस्थित पार्किंग से जाम और हादसों का खतरा बढ़ गया है। दुकानों के दोनों ओर वाहन बेतरतीब खड़े रहते हैं, इससे रास्ता संकरा हो जाता है। यह चौराहा कई प्रमुख मार्गों को जोड़ता है। यहां से रोजाना बड़ी संख्या में वाहन और लोग गुजरते हैं। गुरुवार को एक वाहन चालक ने लापरवाही से एक गाय को टक्कर मार दी, वह मौके से भाग गया। घटना की जानकारी मिलते ही बजरंग दल के कार्यकर्ता अजय तोमर और स्थानीय युवक मौके पर पहुंचे। घायल गाय के इलाज की व्यवस्था कराई। युवक कमल ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है। अव्यवस्थित ट्रैफिक और पार्किंग के कारण पहले भी कई हादसे हो चुके हैं।

एक नजर में

नवयुवती की इलाज के दौरान मौत, मर्ग कायम

मुरैना, 18 जुलाई। सबलगढ़ कस्बे में जेल के पीछे रहने वाली नवयुवती निकिता गौड़ 18 पुत्री राजू गौड़ को 17 जुलाई को गंभीर हालत में स्वास्थ्य केन्द्र सबलगढ़ से मुरैना रैफर किया गया था। मुरैना पहुंचनें पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

अंबाह में दो पक्षों के बीच मारपीट, क्रॉस कायमी

मुरैना। अंबाह क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जूझकी में रहने वाले अनूप तोमर 29 पुत्र नरेश सिंह तोमर की सत्यवीर तोमर, अजय तोमर, अर्जुन तोमर, आलोक तोमर ने गालियां देते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी भी दी। झगड़े के दौरान अनिल, अनूप, परिमाल तोमर ने मिलकर सत्यवीर पुत्र सीताराम तोमर की मारपीट कर डाली। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

नशा से व्यक्ति ही नहीं पूरा समाज प्रभावित होता है : डिंपल

मुरैना। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी अभियान के तहत शुक्रवार को शहर की शैक्षणिक संस्था बिहारी कॉन्वेन्ट स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बागचीनी थाना प्रभारी निरीक्षक डिंपल मौर्य मुख्य रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम में निरीक्षक डिंपल मौर्य ने अभियान के उद्देश्यों के बारे में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकगणों को बताया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत समाज में यह संदेश पहुंचानें का प्रयास किया जा रहा है कि नशा सिर्फ व्यक्ति ही नहीं बल्कि पूरे समाज को प्रभावित करता है। कार्यक्रम में निरीक्षक डिंपल मौर्य ने विद्यार्थियों को नशा के दुष्प्रभावों, स्वास्थ्य पर होने वाले असर, सामाजिक बुराईयों और इसके कानूनी तौर पर परिणामों से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि नशे की आदत न केवल उनके भविष्य को अंधकारमय बनाती है, बल्कि परिवार और समाज में विभिन्न तरह की विसंगतियां भी उत्पन्न करती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों सहित संस्था के स्टाफ ने अपने घर सहित आसपास रहने वाले लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने की शपथ भी ली।

बारह घंटे की बारिश से खार नाला उफान पर

सबलगढ़, 18 जुलाई। सबलगढ़ नगर में एक बार फिर से बारह घंटे से अधिक समय से हो रही बारिश से जहां पूरा शहर तर बत्तर हो गया वही फ़िर से आज खार नाले में उफान आ गया और कई बस्तियां जलमग्न हो गई। नगर में गुरुवार शाम से हो रही बारिश शुक्रवार देर शाम तक होती रही इस बार जुलाई के प्रथम सप्ताह में ही नगर का तालाब फुल हो गया ओर तालाब की वियर शुरू हो गई थी नगर में पानी का निकास नहीं होने से नगर की कई बस्तियां कुंड रोड गंज रोड नौलखा परशुराम कॉलोनी मंडी संतर नंबर एक दो खार नाले की बस्तियों में आज फ़िर से बरसात का पानी भर गया नगर की बस्तियों में बरसात के पानी भरने की सूचना एस डी एम अरविंद माहौर को मिली तो वह स्वयं तहसीलदार सी एम ओ को लेकर कन्याशाला के बाहर एम एस रोड पर नाले पर हो रहे अतिक्रमण को जे सी वी से हटाया ओर बरसात के पानी को निकालने की कोशिश की गई वही जीन फील्ड हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में दो दो फीट पानी भर गया जिससे स्कूल स्टाफ ओर छात्राओं को निकलने में बहुत परेशानियां आई।

इस बार सबलगढ़ क्षेत्र में बारिश अधित हो रही है तालाब भी फुल हो चुका है ऐसे में नगर कई बस्तियां जलमग्न हो जाती हैं हम पूरी कोशिश कर रहे हैं और नाले नालियो से अतिक्रमण हटाने का काम कर रहे हैं प्रशासन लगा हुआ है। – **अरविंद माहौर, एसडीएम, सबलगढ़**

दिमनी क्षेत्र के विकास में कमी नहीं रहने देंगे : विस अध्यक्ष तोमर

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 जुलाई। बीते सालों में दिमनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत लगभग 100 करोड़ रूपए के निर्माण विकास कार्य कराए गये थे। जिनमें सड़क, पुल-पुलिया

कोलुआ, लेपा, सांगौली में 1.42 करोड़ के कार्यों का भूमिपूजन, लोकार्पण

एवं भवन शामिल थे। जिसका लाभ जनता को मिल पा रहा है। भविष्य में क्षेत्र के विकास के लिए हम प्रयासरत हैं। दिमनी क्षेत्र के विकास के लिए कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

यह बात मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कोलुआ, लेपा व सांगौली पंचायतों में 1 करोड़ 42 लाख रूपए के निर्माण-विकास कार्यो का भूमिपूजन और लोकार्पण करते हुए कही। इस अवसर पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, भाजपा जिलाध्यक्ष, अम्बाह जनपद अध्यक्ष सुश्री मधुरिमा तोमर, जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, एसडीएम अम्बाह रामनिवास सिकरवार सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि आज का दिन बड़ा की सौभाग्यशाली है कि कोलेश्वर महादेव पर 1 करोड़ 42 लाख रूपये के निर्माण एवं विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण किया जा रहा है।

ग्राम पंचायत कोलुआ में 37 लाख 50 हजार रूपये की लागत से पंचायत भवन का भूमिपूजन, 9 लाख 50 हजार रूपये की लागत से आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण, 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत लेपा में 37 लाख 50 हजार रूपये की लागत से पंचायत भवन का भूमिपूजन, 10 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक भवन का भूमिपूजन और ग्राम पंचायत सांगोली में 37 लाख 50 हजार रूपये की लागत से पंचायत भवन का भूमिपूजन किया गया है। विस अध्यक्ष श्री तोमर ने कोलुआ मंदिर परिसर में कथा-भागवत जैसे कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बड़े टीनशेड की मांग पर विधायक निधि से टीनशेड निर्माण कराने की घोषणा भी कार्यक्रम में की।

संयुक्त संचालक ने किया स्कूलों का निरीक्षण, मिलीं खामियां

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 जुलाई। सरकार अश्पृश्यता निवारण यानि छुआछूत का भेदभाव करने के कितने भी प्रयास करे लेकिन आज भी सामान्य वर्ग व अजा-जजा वर्ग की महिलाओं के साथ भेदभाव हो रहा है। यह खुलासा शुक्रवार को स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक संचालक गिर्राज परिहार शुक्रवार को स्कूलों के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान हुआ।

शुक्रवार को सहायक संचालक गिर्राज परिहार ने विकासखंड पहाड़गढ़ में संचालित सरकारी स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। सहायक संचालक सबसे पहले शाप्रावि घाड़ौर पहुंचे, जहां स्कूल का एक कक्ष खराब पड़ा था,

जिसका उपयोग नहीं हो रहा था। वहीं प्राथमिक विद्यालय मोठियापुरा में स्कूल भवन नहीं था, क्योंकि पुराना भवन डिस्मेंटल कर दिया गया है। यहां पर एक शिक्षक निर्गुण सिंह गुर्जर अनुपस्थित मिले। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय चांचुल में मध्यान्ह भोजन मीनू अनुसार बंटते हुए नहीं मिला। यहां पर एक शिक्षक अनुराग पंडोरिया अनुपस्थित मिले।

आदिवासी महिला बनाती है मध्याह्न भोजन, इसलिए बच्चे नहीं खाते : औचक निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक प्राथमिक स्कूल निरार में पहुंचे जहां मैन्यू अनुसार भोजन बंटता नहीं मिला। साथ ही चौकाने वाला खुलासा यह भी हुआ कि इस स्कूल में पढ़ने वाले गुर्जर समाज के बच्चे मध्यान्ह भोजन नहीं करते। प्राथमिक स्कूल अमरई का भी निरीक्षण किया, जहां पर मध्यान्ह भोजन मैन्यू अनुसार बंटते नहीं पाया गया। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय गुलाबपुरा में शिक्षक प्रकाशचंद धाकड़ अनुपस्थित मिले। वहीं प्राथमिक विद्यालय धूरकूड़ा में शाम 3.50 बजे शिक्षक राजश्री पांडे और नीरज पलिया अनुपस्थित मिलीं।

स्कूल में दर्ज छात्रों की हो शत-प्रतिशत उपस्थिति

विकासखंड मुख्यालय पहाड़गढ़ पर प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्यों की एक बैठक गुरुवार को संपन्न हुई। जिसमें सहायक संचालक गिर्राज परिहार, सीईओ रामअवतार सिकरवार मौजूद रहे। इस मौके पर अतिथियों ने कहा कि स्कूल में दर्ज छात्रों की उपस्थिति शत-प्रतिशत हो, इसके लिए शिक्षक डोर-टू-डोर सर्वे करें। इसके अलावा विकासखंड कार्यालय से निशुल्क प्रदाय पाठ्य पुस्तकों का समय समय से उठाव करें और पोर्टल में पात्र छात्रों को साइकिल प्राप्तकर स्कूल पर बंटवाएं।

दो पक्षों के बीच मारपीट, क्रॉस मामला दर्ज

मुरैना, 18 जुलाई। सिविल लाईन थाना क्षेत्र के अंतर्गत छौंदा गांव में आरटीओ ऑफिस के पास 17 जुलाई को दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान दोनों पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे की मारपीट कर डाली। पुलिस ने लालू उर्फ राज सिकरवार पुत्र मलखान सिकरवार नि. भैंसरोली की रिपोर्ट पर पदम सिंह, अनूप सिंह तोमर नि. छौंदा एवं दूसरे पक्ष के रामनिवास तोमर पुत्र अहिबरन सिंह तोमर नि. छौंदा की रिपोर्ट पर सुमन परमार, राज सिकरवार नि. भैंसरौली के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

खेत जोतने से रोकने पर युवक की मारपीट

मुरैना, 18 जुलाई। जौरा क्षेत्र के खुटियानी हार गांव में रहने वाले सरनाम शर्मा 47 पुत्र धनीराम शर्मा की 17 जुलाई की सुबह खेत जोतने को लेकर जितेन्द्र गुर्जर, बृजकिशोर गुर्जर निवासीगण राजाराम का पुरा जौरा ने गालियां देते हुए मारपीट कर डाली। मारपीट करने के बाद हमलावरों ने सरनाम के खेत को जबरन जोत डाला। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

पर्यावरण को सहेजने प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाए : यादव

नवभारत न्यूज

मुरैना, 18 जुलाई। वनों की अंधाधुंध कटाई और पृथ्वी पर लगातार बढ़ रहे प्रदूषण से पर्यावरण

जौरा में बिजली कंपनी के दफ्तर परिसर में किया पौधरोपण

असुतलित होता जा रहा है। बेमौसम बारिश और लगातार बढ़ता तापमान

इस बात का संकेत है। पर्यावरण को सहेजने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा लगाकर धरा को बचाने के लिए अपना सहयोग अवश्य देना चाहिए।

यह बात मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी जौरा के सहायक यंत्री पुष्पेन्द्र सिंह यादव ने कही। श्री यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को बिजली कंपनी के दफ्तर परिसर में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर कनिष्ठ यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा, विद्युतकर्मी अहसान खान, बालकिशन शर्मा, विवेक श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव, अलीमुद्दीन खान सहित अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान परिसर में आम, अमरूद, बेलपत्र सहित विभिन्न प्रजातियों के फूलदार, फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प भी लिया।

आम सूचना

श्री गिर्राज रायठौर पुत्र श्री अशोक रायठौर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड, स्थित पगारा रोड के पीछे, नरूआ के पास, ग्राम जौरा, प.ह.नं.55 (पुराना क्र.24/2), रा.नि.मं.04, ब्लॉक-जोरा, तहसील जौरा व जिला मुरैना (म.प्र.) है नगर पालिका निगम मुरैना वार्ड क्र.09 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.991/1 ग्राम जौरा का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 680 वर्गफुट है और चतुर्सीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-सरकारी भूमि, पश्चिम में-रास्ता 10 फुट चौड़ा, उत्तर में-भूमि कुशवाह एवं दक्षिण में-भूमि जाटव है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्रीमती फूलवती पत्नी श्री मिश्रीलाल एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमती फूलवती रायठौर द्वारा उक्त सम्पति श्री गिर्राज रायठौर पुत्र श्री अशोक रायठौर को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी25822021 ए1113799 दिनांक 03.02.2021 से विक्रय की गई। श्री गिर्राज रायठौर द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान मणापुरम होम फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्व क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. - मकान नं. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

खार नाले में युवक बहा, मुरैना से रेस्क्यू टीम बुलाई, प्रशासन मौके पर पहुंचा

नवभारत न्यूज

सबलगढ़, 18 जुलाई। सबलगढ़ आज अत्यधिक बरसात से खार खाने में आए उफान ने एक युवक बह गया। नगर में बारह घंटे से ज्यादा समय से हो रही बारिश से खार नाला उफान पर आ गया खार नाले का पानी पिपरघान रोड पर निकलता है वहां से गुरा नाले में चला जाता है।

मुकेश पुत्र केशो जाटव उम्र

27 वर्ष निवासी बरतोखर अपने गांव से घर गृहस्थी का सामान खरीदने सबलगढ़ शहर में आया था तभी बरसात से खार नाले में पानी आ गया और पिपरघान रोड पर पानी भर गया मुकेश जाटव उफनते नाले को पार करने लगा और गहरे पानी में चला गया ओर डूब गया एस डी एम अरविंद माहौर और तहसीलदार मौके पर पहुंचे और मुरैना से रेस्क्यू टीम को बुलाया गया है मुकेश जाटव की पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी है मुकेश के एक लड़का एक लड़की है जब मुकेश खार नाले के पानी को पार कर रहा था तो लोगों ने उससे मना किया फिर भी वह नहीं माना और खार खाने को पार करने लगा खार नाले के उफान पर आने से करीब बीस गावो का संपर्क टूट जाता है क्योंकि सबलगढ़ तालाब के वियर से गिरा पानी और सबलगढ़ नगर का पानी इकट्ठा होकर पिपरघान रोड तक पहुंचता है और आगे जाकर गुरा नाले में मिल जाता है।

आज खार नाले में अत्यधिक पानी आने से मुकेश नामक एक युवक नशे की हालत में पार कर रहा था वह डूब गया हैं मुरैना से रेस्क्यू टीम बुलाई है उसकी खोज की जा रही है – **अरविंद माहौर, एस डी एम**